# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में जेल प्रहरी 26,000/— रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 09 जुलाई, बुधवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी जयपुर नगर—तृतीय ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी जगवीर सिंह, हाल जेल प्रहरी, बेल्ट नं. 2542 जिला कारागृह जयपुर को **26,000/— रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि एसीबी चौकी जयपुर नगर—तृतीय जयपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी का भाई फिरौती के केस में विगत 8 दिनों से जिला कारागृह जयपुर में बंद है, जिसको जेल में परेशान नहीं करने की एवज में आरोपी जगवरी सिंह, जेल प्रहरी द्वारा परिवादी से 70,000/— रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस—द्वितीय श्री राहुल कोटोकी** के सुपरविजन में एसीबी चौकी जयपुर नगर—तृतीय के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञान प्रकाश नवल** व **उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेश कुमार स्वामी** के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री नाथूलाल बंशीलाल** द्वारा मय टीम के कार्यवाही करते हुए आरोपी जगवीर सिंह, जेल प्रहरी, जिला काराग्रह जयपुर को 26,000/— रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।